हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 11 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 डॉक्टर विहीन ओपीडी, बाहर की दवाओं व प्रसव के नाम पर रुपए...



09 आरपार के मूड में पटवारी बैठे धरने पर, नहीं हुई रजिस्ट्रियां



खबर संक्षेप

नवरात्रि में दस देवी विराजेंगी अनंतपुरा में

रहली। नवरात्रि में नौ देवी का पूजन और नौ देवी विराजमान तो कई जगह होती हैं, लेकिन गांधी ग्राम अनंतपुरा में भक्तों द्वारा दस प्रतिमाएं विराजित की जा रही हे। आयोजक बीएल स्वामी बताते हैं कि 14 साल पहले भी ग्रामवासियों के सहयोग से 2012 में दस प्रतिमाएं नवरात्रि में विराजमान की गई थी। इस बार पुनः दस देवी विराजमान कर भव्य झांकी बनाकर महोत्सव मनाया जाएगा। पूरे उत्सव का पूजन विधान पंडित नन्हें भाई द्विवेदी के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा। पंडित जी ने बताया कि नो प्रतिमा देवी जी के नो रूपों के होंगी और दसवीं प्रतिमा सबसे बड़ी महादेवी की विराजित होगी। दस प्रतिमाएं के पूजन अर्चन के लिए दस जजमान बनाए गए हैं। 14 साल बाद दोहराए जा रहे इस विशेष धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्र में खासा उत्साह है। उत्सव के दौरान प्रतिदिन विशेष पूजा, आरती और धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ जन जागरूकता कार्यक्रम

सागर। जिला चिकित्सालय, सागर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटेरिया तथा सिविल सर्जन डॉ. आर.एस. जायंत ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन को जागरूक किया। जिला नोडल मानसिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आदित्य दुबे ने मानसिक समस्याओं की रोकथाम, उपचार तथा टेली-मानस और मनहित ऐप के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं की जानकारी दी। डॉ. जितेंद्र सराफ ने भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली आयोजित की गई। इनके माध्यम से मानसिक रोगों से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, संवेदनशीलता बढ़ाने तथा आवश्यकता पड़ने पर समय पर उपचार लेने का संदेश दिया गया।

भगवानगंज वार्ड में संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण

सागर। भगवानगंज वार्ड में 10 अक्टूबर को संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण नगर विधायक शैलेंद्र जैन, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं वार्ड पार्षद अनीता अहिरवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेश पटेरिया सहित अन्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। संजीवनी क्लीनिक के प्रारंभ होने से वार्ड के नागरिकों को स्थानीय स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के उपचार के लिए सुलभ चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 29 नवंबर को

सागर। आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल के निर्देश पर लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 29 नवंबर को यूआईटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सागर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में तीन मूल प्रतियों में भरवाकर 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें।

नवदुर्गा, दशहरा का त्योहार आपसी सौहार्द के साथ मनाने की गई अपील

पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं, निर्धारित डेसीबल में ही बजाएं भक्ति गीत : कलेक्टर पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आगामी नवरात्र, दशहरा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। शहर में कहीं भी डार्क जोन नहीं रहना चाहिए तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त की जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि देवी पंडाल सड़कों पर इस तरह नहीं बनाए जाएं, जिससे यातायात एवं आवागमन प्रभावित हो। मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए। प्रत्येक पूजा पंडाल एवं आयोजन स्थल पर फ्लेक्स लगाकर आयोजक का नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित किया जाए तथा निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए



जाएं। गरबा, आर्केस्ट्रा एवं अन्य आयोजनों के लिए नियमानुसार अनुमति प्राप्त करें तथा निर्धारित डेसीबल सीमा में ही भक्ति गीत बजाएं। कलेक्टर ने प्रतिमा विसर्जन एवं चल समारोह के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विसर्जन स्थलों एवं अस्थायी कुंडों पर पर्याप्त स्वयंसेवक तैनात किए जाएं तथा छोटे बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्युत विभाग चल समारोह से पहले सड़कों पर झूल रहे बिजली के तारों को व्यवस्थित करे। नगर पालिका द्वारा प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, थाना एवं अनुभाग स्तर पर शांति समिति की बैठकें आयोजित कर आयोजकों से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने प्रतिमा विसर्जन के लिए अस्थायी कुंडों पर प्रशिक्षित तैराकों एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था करने पर जोर दिया। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने चल समारोह में आयोजनकर्ताओं के पहचान पत्र तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अविनाश रावत, सिटी मजिस्टेट, जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सोनभद्र के तट पर नम हुईं आंखें तर्पण कर पूर्वजों को किया नमन

पितृ पक्ष का विधि-विधान से समापन, पंडित ऋषि भार्गव के सानिध्य में पूजन-हवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

स्मृतियों में बसे पूर्वज, मन में श्रद्धा और हाथों में जल लेकर जब यजमान सोनभद्र नदी के पावन तट पर पहुंचे, तो वातावरण पितृ भक्ति और कृतज्ञता के भाव से भर उठा। पितृ पक्ष के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने दिवंगत पूर्वजों का स्मरण कर विधि-विधान से तर्पण किया। सर्वपितृ अमावस्या पर विशेष पूजन, हवन और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पितृ पक्ष का समापन हुआ।

विद्वान पंडित ऋषि भार्गव के सानिध्य में सम्पन्न अनुष्ठान में बड़ी संख्या में यजमानों ने सहभागिता की। पितृ पक्ष के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल श्रद्धालु सोनभद्र नदी के तट पर पहुंचकर अपने पितरों को जल अर्पित करते रहे। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा का निर्वहन नहीं, बल्कि उन पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी बना, जिनके संस्कारों, त्याग और आशीर्वाद से परिवारों की पीढ़ियां आगे बढ़ती हैं। पंडित ऋषि भार्गव ने कहा कि पितृ पक्ष हमें अपनी जड़ों, पारिवारिक संस्कारों और पूर्वजों के योगदान का स्मरण कराता है। तर्पण के माध्यम से व्यक्ति अपने पितरों के प्रति श्रद्धा और सम्मान प्रकट करता है।

अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद श्रद्धालुओं ने सोनभद्र नदी के तट पर श्रमदान कर साफ-सफाई की। पूर्वजों के प्रति श्रद्धा के साथ प्रकृति के संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस तरह गढ़ाकोटा में पितृ तर्पण का आयोजन आस्था, स्मृतियों, पारिवारिक संस्कारों और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देकर सम्पन्न हुआ।



पितृमोक्ष अमावस्या पर नम आंखों से पितरों को दी विदाई

खुरई। पितृ मोक्ष शनि अमावस्या पर शनिवार को नगर के बड़ा तालाब पर सैकड़ों परिवारों ने नम आंखों से अपने पितरों को विदाई दी। सुबह 5 बजे से ही तालाब घाट पर भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच अपने पितरों के नाम का तर्पण, पिंडदान और दीपदान किया। अपने पितरों को याद कर कई लोगों की आंखें नम हो गईं। मुख्य पूजन करा रहे पं. शरद रिछारिया एवं पप्पू रिछारिया ने बताया कि इस बार अमावस्या शनिवार को पड़ने से इसका महत्व शनि अमावस्या के रूप में कई गुना बढ़ गया है। इसे पितृ मोक्ष अमावस्या भी कहते हैं। आज के दिन विधि-विधान से तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है और पितृदोष से मुक्ति मिलती है। शनि अमावस्या पर पितरों के निमित्त दान करने से शनि की पीड़ा भी शांत होती है। उन्होंने बताया कि सर्व पितृ अमावस्या बहुत खास होती है। जो लोग अपने परिजनों की श्राद्ध तिथि भूल जाते हैं, उनके लिए अमावस्या के दिन श्राद्ध करने का विधान है। इस दिन ब्राह्मण भोज, दान आदि करने से प्रसन्न होकर पूर्वज अपने परिजनों को सुख, शांति, समृद्धि और वंश वृद्धि का आशीर्वाद देकर अपने लोक लौटते हैं।

खुली विलीज जीप में विराजमान होकर नगर में निकले महाराजा अग्रसेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव की पावन अवसर पर अग्रवाल समाज सागर द्वारा भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया वाहन रैली में सैकड़ों चार पहिया व दो पहिया वाहनों में सवार बच्चों युवाओं महिलाओं एवं बुजुर्गों बड़ी संख्या में समाजजनों ने अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास से भाग लिया। वाहन रैली में सुसज्जित बग्घी में महाराजा अग्रसेन जी की संजीव झांकी व एक रुपया एक ईंट का संदेश देती झांकी ने सभी को आकर्षित किया।

अग्रवाल विकास सभा के मोहन अग्रवाल ने बताया कि वाहन रैली का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकजुटता, आपसी सद्भाव और महाराजा अग्रसेन जी के समानता व परोपकार के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। वाहन रैली के



प्रारंभ में समाज के वरिष्ठ जी एल अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, देवेश गर्ग, शशिकांता अग्रवाल, चंदा पोद्दार ने महाराजा अग्रसेन जी की झांकी व फोटो का आरती पूजन कर रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जहां आगे आगे समाज के आराध्य देव महाराजा अग्रसेन जी की विशाल फोटो खुली विलीज जीप में विराजमान थी तो वहीं महाराजा अग्रसेन जी के एक रुपया एक ईंट व सजी हुई बग्घी में महाराजा अग्रसेन जी की संजीव झांकी आस्था व श्रद्धा का केंद्र रही। रैली में शामिल सैकड़ो चार पहिया व दो पहिया वाहनों पर अग्रवाल समाज के 18 गोत्रीय नामों के प्रदर्शन के साथ समाज की केसरिया ध्वजा लहरा रही थी। रैली में सभी समाज जन पारंपरिक वेशभूषा के साथ साफ़ा पहने हुए थे।



गरबा पंडालों में आधार कार्ड अनिवार्य करने की मांग, शिवसेना ने एसपी को दिया ज्ञापन

सागर। नवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित होने वाले गरबा कार्यक्रमों में मर्यादा और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना उप राज्य प्रमुख पप्पू तिवारी के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि गरबा आयोजनों में प्रवेश के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया जाए, कार्यक्रमों में फूहड़ और अश्लील गानों पर रोक लगाई जाए तथा भारतीय परिधानों को बढ़ावा दिया जाए। पप्पू तिवारी ने कहा कि नवरात्रि हिंदुओं की आस्था और साधना का पर्व है। पिछले वर्ष पहचान पत्र अनिवार्य नहीं होने के कारण एक पंडाल में बाहरी युवक के प्रवेश से अफरा-तफरी की स्थिति बनी थी। इस वर्ष ऐसी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए प्रशासन को सख्त व्यवस्था करनी चाहिए। राज्य संगठक मनी सिंह गुरेन ने कहा कि गरबा संचालक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखें। वहीं जिला प्रभारी विकास सिंह ने कहा कि यदि आयोजनों में मर्यादा का उल्लंघन होता है तो शिवसेना लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएगी। ज्ञापन के दौरान शिवशंकर दुबे, बसंत भदौरिया, सचिन जैन, दीपेश विश्वकर्मा, अनूप पटेरिया सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित

रहली। सांदीपनि विद्यालय, रहली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 'सेवा मेरा योगदान' एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम आयोजित किए गए। फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़ एवं सामूहिक दौड़ सहित विभिन्न खेल गतिविधियाँ आयोजित की गईं। साथ ही जागरूकता रैली निकालकर विद्यार्थियों एवं आमजन को नियमित शारीरिक गतिविधियों, स्वस्थ जीवनशैली तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को विद्यालय परिवार द्वारा स्वेच्छा से पेंसिल, कॉपियाँ एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिलीप चौबे सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



दिव्य गीताज्ञान पर आधारित लोक नृत्य नाटिका एवं मोनिया नृत्य का मंचन

देवरीकलां। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय सांदीपनि विद्यालय देवरी में दिव्य गीता ज्ञान पर आधारित लोक नृत्य नाटिका एवं मोनिया नृत्य का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिराज सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सहित अन्य अतिथि शामिल हुए ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अभिराज सिंह ने कहा हमारे देश का इतिहास अद्भुत है। ऐसे कार्यक्रम जो हजारों वर्ष पुरानी हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं, जिस संस्कृति ने विश्व को रास्ता दिखाया है, ऐसे कार्यक्रमों से हमारा ज्ञान बढ़ता है। हम अपनी संस्कृति को समझते हैं और अच्छे से सीखते हैं। ऐसे आयोजन हम सबको हमारी संस्कृति से जोड़ते हैं। क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटेरिया कहा कि माता-बहनों पर बहुत बड़ी जवाबदारी रहती है। गृह कार्य से लेकर पशुओं की सेवा, बच्चों की सेवा और रिश्तेदार आए तो उनकी सेवा में व्यस्त रहती हैं। मैं आप सबसे एक आग्रह करना चाहता हूं, जब भी आपका बच्चा स्कूल जाए तो बच्चों के बैग में किताब और पेंसिल के अलावा एक छोटी सी रामायण की पुस्तक जरूर रखें। कार्यक्रम में उमेश कुमार वैद्य और उनके साथी दिव्यांग लोक कलाकारों द्वारा गीता ज्ञान पर आधारित लोक नृत्य नाटिका एवं मोनिया नृत्य की भव्य प्रस्तुति दी गई।





जानवी जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा कला वाणिज्य महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शनिवार को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जानवी जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामकिंकर पचौरी के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर के विकास तथा समाज में वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रही शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से एनसीसी के छात्रों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए कहा गया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। वे हमें शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ-साथ प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पौधारोपण को प्राथमिकता देनी चाहिए और लगाए गए पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए।इस अवसर पर युवराज सिंह रोहन,पीयूष ठाकुर, शाहरुख खान, यश तिवारी, आदर्श तोमर, वेद प्रताप राजपूत, शिवा अहिरवार, मुकुल सेन, अनुज विश्वकर्मा, जय सिसोदिया, प्रीत ठाकुर, अब्दुल खान, सारंग एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

ऑनलाइन गेमिंग ने बनाया कर्जदार, फिर अपराध की राह पर चला युवक

गोपालगंज पुलिस ने मोटरसाइकिल बरामद की, पूछताछ में वृद्ध महिला से मंगलसूत्र छीनने की वारदात में संलिप्तता भी आई सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ऑनलाइन गैंबलिंग और लूडो गेम में 7 से 8 लाख रुपये गंवाने के बाद कर्ज में डूबा प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग पढ़ाने वाला 24 वर्षीय युवक अपराध की राह पर चल पड़ा। गोपालगंज पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी अजय पटेल को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने कोतवाली थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला से मंगलसूत्र छीनने की वारदात में भी अपनी संलिप्तता बताई है। इस मामले में कोतवाली पुलिस को सूचना देकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

घर के सामने से चुराई थी बाइक

पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर को बालक हिल व्यू, शिवाजी वार्ड निवासी शालिक राम रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने दोपहर करीब 3:20 बजे अपनी हीरो होंडा पैशन प्रो मोटरसाइकिल (एमपी 15 एनडी 5010) घर के सामने खड़ी की थी। शाम 4 बजे



बाइक गायब मिली। करीब 40 हजार रुपये कीमत की इस मोटरसाइकिल की तलाश में गोपालगंज पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय कर विभिन्न क्षेत्रों में जांच की। जबलपुर में भी संदिग्ध की तलाश की गई।

लगातार तलाश के दौरान 9 अक्टूबर को पुलिस को बीएमसी के पास संदिग्ध युवक मिला। पूछताछ में उसकी पहचान तिली गांव निवासी अजय पटेल (24) के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। पूछताछ में कोतवाली क्षेत्र में वृद्ध महिला से मंगलसूत्र छीनने की वारदात का खुलासा भी हुआ।

ऑनलाइन गेम में गंवाए लाखों रुपये

पुलिस के अनुसार, स्नातक आरोपी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग पढ़ाता था। वह ऑनलाइन गैंबलिंग वेबसाइट और पैसे लगाकर लूडो खेलने का आदी था। लगातार नुकसान के कारण उस पर 7 से 8 लाख रुपये का कर्ज हो गया। अपनी मोटरसाइकिल गिरवी रखने के बाद मिली रकम भी वह ऑनलाइन गेम में हार गया। कर्ज चुकाने के दबाव में उसने चोरी और छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देने की बात पूछताछ में बताई। आरोपी विवाहित है और उसकी दो वर्ष की बेटी है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने लोगों से ऑनलाइन जुआ और गैंबलिंग से दूर रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की है।

पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर उठे सवाल

डॉक्टर विहीन ओपीडी, बाहर की दवाओं व प्रसव के नाम पर रुपए मांगने के आरोप

कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू बोले गरीब मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा



गरीबों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के सरकारी दावों के बीच पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल में डॉक्टरों की कथित गैरमौजूदगी, मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किए जाने और प्रसव के नाम पर हजारों रुपये वसूलने जैसे आरोप सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है। दूरदराज के गांवों से इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को यदि समय पर चिकित्सकीय सहायता नहीं मिलती और उन्हें दवाओं के लिए अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है, तो यह व्यवस्था की जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू और समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने इन मामलों को लेकर नाराजगी जताई है। वहीं, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गौतम ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

डॉक्टर विहीन ओपीडी में परेशान होते मरीज

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में चिकित्सकीय सेवाओं को लेकर सबसे गंभीर शिकायत डॉक्टरों की उपलब्धता से जुड़ी है। मरीजों के हवाले से आरोप लगाया गया है कि एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. राहुल मिश्रा की ओपीडी में ड्यूटी निर्धारित होने के बावजूद कई बार उनका कक्ष बंद रहता है। इस संबंध में पीड़ित कैलाश अहिरवार ने अपनी 10 वर्षीय बीमार बच्ची के उपचार को लेकर परेशानी होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वह बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन शुरुआत में उन्हें अपेक्षित चिकित्सकीय सहायता नहीं मिल सकी। उनके अनुसार बाद में मीडिया के हस्तक्षेप के बाद बच्ची को उपचार मिला। साथ ही अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। आरोप है कि सरकारी दवाएं उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर मरीजों को निजी मेडिकल स्टोरों से दवाएं खरीदने के लिए पर्चियां दी जाती हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ता है। विशेषकर मजदूरी करके परिवार चलाने वाले लोगों के लिए इलाज के साथ महंगी दवाएं खरीदना बड़ी चुनौती बन जाता है। शिकायतों में चिकित्सकों और निजी मेडिकल स्टोर संचालकों के बीच कथित सांठगांठ की आशंका भी जताई गई है।

प्रसव के नाम पर वसूली का आरोप

अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर सबसे गंभीर आरोप प्रसव सेवाओं से संबंधित है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने आने वाली महिलाओं के परिजनों से स्टाफ नर्सों द्वारा कथित तौर पर 5 हजार से 10 हजार रुपये तक की राशि मांगी जाती है। उनका यह भी आरोप है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के भुगतान करने में असमर्थ होने पर प्रसूताओं को दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया जाता है। यह मामला गरीब परिवारों के लिए उपलब्ध मातृ स्वास्थ्य सुविधाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही का भी गंभीर प्रश्न बनेगा।

स्वास्थ्य व्यवस्था पर सियासी

पलेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर राजनीतिक स्तर पर भी विरोध शुरू हो गया है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने प्रसव के नाम पर कथित वसूली के आरोपों को गंभीर बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से जवाबदेही तय करने की मांग की है। वहीं, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि गरीब मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इस मामले को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष साहू ने कहा है कि वह इस मामले को लेकर खरगापुर विधायक चंदा सुरेंद्र गौर से शिकायत करेंगे और विधानसभा में भी मुद्दा उठाने का प्रयास करेंगे। उनके मुताबिक, अस्पताल में उपचार, दवा वितरण और प्रसव संबंधी सेवाओं को लेकर सामने आ रही शिकायतों की जांच कराई जानी चाहिए, ताकि मरीजों को परेशानियों से मुक्ति मिल सके और जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हो।

बीएमओ ने दिया जांच व कार्रवाई का आश्वासन

उक्त मामले को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय गौतम ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, अब तक सामने आई जानकारी में जांच के निष्कर्ष या किसी अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों और स्थानीय नागरिकों की निगाहें स्वास्थ्य विभाग के अगले कदम पर टिकी हैं। जरूरत इस बात की है कि ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति, सरकारी दवाओं की उपलब्धता, मरीजों को बाहर से दवाएं खरीदने के लिए दी जा रही पर्चियों और प्रसव सेवाओं से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

शांति समिति की बैठक में आपसी भाईचारे पर जोर

नवरात्रि व सनातन यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, बनाई रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

आगामी नवरात्रि पर्व एवं बागेश्वर धाम की सनातन हिंदू यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पलेरा थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव की पहल पर शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था बनाए रखने, धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने, आपसी भाईचारा कायम रखने और श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने स्पष्ट किया कि नगर की शांति और सुरक्षा पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पर्वों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने कहा कि धार्मिक पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक हैं। इन आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा के लिए सदैव तत्पर है। त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहेगा और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी भार्गव ने नगरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाह पर ध्यान न दें और न ही बिना पुष्टि के किसी संदेश या सूचना को प्रसारित करें। सभी नागरिक आपसी सद्भाव बनाए रखते हुए नवरात्रि पर्व एवं सनातन यात्रा को हर्षोल्लास, अनुशासन और धार्मिक मर्यादा के साथ संपन्न कराने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी के सहयोग से ही धार्मिक आयोजनों को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाया जा सकता है।

बैठक में थाना प्रभारी प्रीति भार्गव ने कानून व्यवस्था के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों के दौरान आमजन और श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित परेशानियों को दूर करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने बैठक में मौजूद नगर परिषद के अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि आयोजनों से पहले मार्गों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही सुगम रहनी चाहिए और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें, ताकि व्यवस्थाएं समय रहते पूरी हो सकें और आयोजन के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस अवसर पर तहसीलदार पलक जैन, सहायक अभियंता लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक, नगर परिषद से अरुण सोनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश नायक, महेश पटेरिया, पार्षद अवध नापित, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अशोक अहिरवार, जनपद सदस्य हरसेवक राजपूत सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री की पहल पर उद्योगपतियों की मांग पूरी

सुनोरा खिरिया औद्योगिक क्षेत्र को मिली सौगात 1.99 करोड़ मंजूर, जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के औद्योगिक विकास को गति देने और उद्योगपतियों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया में वैकल्पिक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 199.42 लाख रुपये यानी लगभग 1 करोड़ 99 लाख 42 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर उद्योगपतियों की लंबे समय से चली आ रही इस मांग को मंजूरी मिलने के बाद अब क्षेत्र में वैकल्पिक पहुंच मार्ग बनने का रास्ता साफ हो गया है। निर्माण कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक शासकीय प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और औपचारिकताएं पूर्ण होते ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि गत 21 अगस्त को जनविश्वास अभियान के अंतर्गत टीकमगढ़ जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उद्योगपतियों के साथ उद्योग संवाद किया था। इस दौरान जिले के उद्योगपतियों ने औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया में वैकल्पिक पहुंच मार्ग की आवश्यकता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया था कि औद्योगिक क्षेत्र में वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होने से आवागमन अधिक सुगम होगा। साथ ही, उद्योगों तक पहुंचने में सुविधा मिलने से औद्योगिक गतिविधियों के संचालन को भी गति मिलेगी।

उद्योगपतियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंभीरता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के परिपालन में उद्योग संचालनालय ने औद्योगिक क्षेत्र सुनोरा खिरिया में अधोसंरचना विकास कार्य के तहत वैकल्पिक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 199.42 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी है। इस मंजूरी को जिले में औद्योगिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि वैकल्पिक पहुंच मार्ग के निर्माण से औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और उद्योगपतियों को अपने प्रतिष्ठानों तक पहुंचने में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के लिए सभी आवश्यक शासकीय कार्यवाहियां पूरी की जा रही हैं। औपचारिकताएं पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जाएगा। वैकल्पिक पहुंच मार्ग का निर्माण पूरा होने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था अधिक सुविधाजनक होने के साथ ही उद्योगों के सुचारु संचालन में भी मदद मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री की पहल पर मिली इस स्वीकृति से क्षेत्र के उद्योगपतियों में बेहतर औद्योगिक अधोसंरचना विकसित होने की उम्मीद जगी है।



मानसिक स्वास्थ्य शिविर में हुई 150 से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग

टीकमगढ़। मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे लोगों को समय पर उपचार एवं परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक मरीजों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान मरीजों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श देने और जरूरत के अनुसार दवाइयां उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। शिविर के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है और इससे जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर विशेषज्ञों की सहायता लेनी चाहिए। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला, डॉ. विकास जैन, मनकक्ष के नोडल अधिकारी डॉ. धीरेंद्र यादव, डॉ. दिनकर राठौर, डॉ. मेघा खरे, डॉ. वरदत्त जैन एवं डॉ. विनय सोनी सहित नर्सिंग ऑफिसर अजय सिंह लोधी उपस्थित रहे। वहीं उमंग काउंसलर नेहा तिवारी, वर्षा कुशवाहा और रेखा शर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं परामर्श गतिविधियों में योगदान दिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, उनके लक्षणों और समय पर उपचार की आवश्यकता के संबंध में लोगों को जानकारी दी। मरीजों की स्क्रीनिंग के माध्यम से उनकी मानसिक स्थिति और परेशानियों को समझने का प्रयास किया गया। आवश्यकता के अनुसार परामर्श एवं उपचार की सुविधा प्राप्त करने के संबंध में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि लगातार मानसिक तनाव, बेचैनी, भावनात्मक परेशानियां और अन्य मानसिक समस्याएं व्यक्ति के दैनिक जीवन, पारिवारिक संबंधों तथा कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे लक्षणों को हल्के में लेने के बजाय समय रहते चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों ने लोगों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी।

उमंग व रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शिविर आयोजित

पीजी कॉलेज में 10 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर दिया प्रेरणादायक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान देने और समाज में मानवीय संवेदनाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार, 10 अक्टूबर को रक्तदान एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की उमंग एवं रेडक्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक संदेश दिया। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन को रक्तदान के महत्व के साथ-साथ नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशि प्रभा जैन ने शिविर के उद्देश्य और सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित किया। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान के महत्व को समझते हुए इस तरह के जनहितकारी प्रयासों में सहभागिता करनी चाहिए।

शिविर में जिला अस्पताल के रक्त बैंक चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय चौरसिया, रक्त बैंक अधिकारी डॉ. विकास जैन, नेत्र सहायक कुमारी अनुप्रेक्षा जैन, फार्मासिस्ट आलोक जैन तथा लैब टेक्नीशियन आशीष अज्ञेय एवं विकास दुबे की टीम ने रक्तदान और स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी गतिविधियों का संचालन किया। चिकित्सा टीम ने शिविर की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी गतिविधियों में सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. बी.एस. शाक्य, उमंग नोडल अधिकारी अनिल झा, कंप्यूटर ऑपरेटर तालिब मोहम्मद तथा विद्यार्थी अश्वनी जकड़, विवेक प्रजापति, महेश राय एवं हरि नारायण लोधी सहित कुल 10 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदाताओं की इस सहभागिता ने समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। शिविर को सफल बनाने में उमंग प्रभारी डॉ. सुमित बनर्जी, रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. आस्था द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार सैनी, डॉ. सुजान लोधी, डॉ. रजनी राय, मुकेश अहिरवार, डॉ. दीपिका स्वर्णकार एवं डॉ. निष्ठा दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर चंदेरा में किया प्रदर्शन, फूंका पुतला



टीकमगढ़। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को जिले के चंदेरा गांव में विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर तिराहा पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का मुद्दा उठाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर विपक्ष की आवाज दबाने और दमनकारी नीतियां अपनाने के आरोप लगाते हुए सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर राहुल गांधी की आवाज दबाने और विपक्ष के साथ दमनकारी रवैया अपनाने का आरोप लगाया। साहू ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की आवाज का सम्मान होना चाहिए और चुनाव प्रक्रिया को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में जनता भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ और ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो जैसे नारे लगाए गये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति नाराजगी जताते हुए अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार, जिलाध्यक्ष नवीन साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेश चौरसिया सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने निर्वाचन प्रक्रिया और लोकतांत्रिक संस्थाओं से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की छापेमारी, तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

रेत घाटों के ठेके रद्द, दबंग छलनी कर रहे नदी नालों का सीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में रेत घाटों के ठेके रद्द होने के बावजूद नदी-नालों से अवैध रूप से रेत निकालने का मामला सामने आया है। स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय दबंगो द्वारा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किए जाने की शिकायतों के आधार पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने शनिवार सुबह गोपनीय तरीके से विभिन्न क्षेत्रों में छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान विभागीय टीम ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं, जबकि अवैध उत्खनन में इस्तेमाल किए जा रहे एक डीजल इंजन पंप को नष्ट कर दिया। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन और परिवहन में लगे लोगों में हड़कंप मचा रहा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सामने आ रही शिकायतों ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने की चुनौती को भी सामने ला दिया है। खनिज अधिकारी विपुल रावत के अनुसार, कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देश पर विभागीय टीम ने सुबह अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन और खनिज परिवहन की स्थिति का जायजा लिया। कार्रवाई की शुरुआत पगारा जंगल-मवई मार्ग से हुई, जहां टीम ने बिना रजिस्ट्रेशन नंबर की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी। इस वाहन से बिना अनुमति मुरम का परिवहन किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान चालक ने वाहन लेकर मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद वाहन को जब्त कर मझना पुलिस चौकी में रखवाया गया।

रामगढ़ व चंद्रपुरा में छापेमारी, रेत खाली कर भागे लोग

खनिज विभाग की टीम ने जतारा क्षेत्र के चंद्रपुरा और रामगढ़ गांवों के इलाकों में नदी से अवैध रूप से रेत निकालने की शिकायतें मिलने के बाद टीम ने गोपनीय तरीके से दबिश देते हुये कार्रवाई की। बताया गया कि विभागीय अमले को मौके पर देखकर अवैध उत्खनन में लगे लोग ट्रॉलियों में भरी रेत खाली कर वहां से भाग गए। हालांकि, टीम ने मौके पर मौजूद दोनों ट्रॉलियों को जब्त कर लिया और उन्हें मझना पुलिस चौकी में रखवाया।

पठारी व मडोरी नदी क्षेत्र में भी कार्रवाई, डीजल इंजन पंप नष्ट

खनिज विभाग की टीम ने चंदेरा क्षेत्र के पठारी और मडोरी नदी के रेत घाटों पर भी जांच अभियान चलाया। यहां अवैध उत्खनन में इस्तेमाल किए जा रहे एक बिना नंबर के ट्रैक्टर को जब्त किया गया। जब्त वाहन को चंदेरा थाने में रखवाया गया है। कार्रवाई के दौरान मडोरी नदी क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन के लिए इस्तेमाल हो रहे एक डीजल इंजन पंप को भी नष्ट कर दिया गया, ताकि उसके माध्यम से दोबारा अवैध उत्खनन न किया जा सके। इस कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी, नवनियुक्त खनिज निरीक्षक, होमगार्ड जवान और विभागीय वाहन चालक शामिल रहे। टीम ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अवैध उत्खनन और परिवहन में इस्तेमाल हो रहे वाहनों एवं उपकरणों के खिलाफ कार्रवाई की।

ठेके रद्द होने के बाद भी अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की चुनौती

जिले में रेत घाटों के ठेके रद्द होने के बावजूद नदी क्षेत्रों से अवैध रूप से रेत निकाले जाने की शिकायतें सामने आना प्रशासन के लिए गंभीर चुनौती है। खनिज विभाग की छापेमार कार्रवाई से अवैध कारोबार में लगे लोगों को झटका जरूर लगा है, लेकिन ऐसे मामलों पर स्थायी रोक लगाने के लिए नियमित निगरानी और प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। नदी क्षेत्रों में अवैध उत्खनन से पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान पहुंचने की आशंका भी बनी रहती है।

निलंबन के बाद और सख्त हो गए पटवारियों के तेवर

आरपार के मूड में पटवारी बैठे धरने पर, नहीं हुई रजिस्ट्रियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

स्वामित्व योजना में सहयोग नहीं करने पर जिला प्रशासन द्वारा 11 पटवारी के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई से पटवारी डरने के बजाय और उग्र होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करने के लिए उतर आए हैं। पटवारियों ने अब सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में आकर, निलंबन की कार्यवाई के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। उधर रजिस्ट्रीया नहीं होने से सरकार सहित प्रशासन भी सकते में आ गया है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में 50 लाख रजिसट्रियां भू स्वामित्व योजना के तहत निशुल्क करने का की घोषणा की है और निष्पादक बनाने से पटवारी सरकार का सहयोग नहीं कर रहे हैं।

शुक्रवार को श्योपुर जिले के तीनों अनुभाग के एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्र में कार्यरत 11 पटवारियों के खिलाफ निलंबन करने की करवाई की है। यह कार्रवाई स्वामित्व योजना में ग्रामीणों के लिए ड्रोन सर्वे में चिन्हित हुई प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री नहीं कराने पर की गई है। ज्ञात हो कि स्वामित्व योजना के तहत सरकार ने प्रदेश में 50 लाख से अधिक प्रॉपर्टी की निशुल्क रजिस्ट्री करने की घोषणा की है। इस रजिस्ट्री को कराने की जिम्मेदारी पटवारियों को सौंपी गई है पर पटवारियों ने इस जिम्मेदारी को संभालने से इनकार कर दिया हैं। रजिस्ट्री कराने के लिए दिए जा रहे हैं दबाव के चलते पटवारी पहले ही कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश भर में पटवारियों के इस आंदोलन को दबाने के लिए की जा रही कार्रवाई के क्रम में श्योपुर जिले में भी 11 पटवारियों का निलंबन किया गया है, जिसके बाद पटवारियों ने वीर सावरकर स्टेडियम के पास धरना शुरू कर दिया है कलमबंद हड़ताल पहले से ही चल रही है। पटवारियों का कहना है कि वह सरकार के किसी भी तरह के दबाव और हिटलरशाही फरमान से डरने वाले नहीं हैं। अब देखना यह है कि सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव अभियान (सेवा संकल्प समर्पण अभियान) की इस अभिनव योजना जो 17 अक्टूबर तक पूरी होनी है क्या रजिस्ट्री हो पाएगी या फिर कोई और रास्ता निकाला जाएगा।



पटवारियों को लेकर कलेक्टरों पर दबाव

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे हैं सेवा समर्पण संकल्प अभियान के अंतर्गत एक माह के दरमियान पूरे प्रदेश में 50 लाख से अधिक स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को निशुल्क रजिस्ट्री की सौगात दी जानी है इस सौगात को देने के लिए सरकार ने पटवारी को जिम्मेदारी सौंपी है पर पटवारी रजिस्ट्री के बाद होने वाले वाद विवाद की स्थिति से उलझने के डर से ये जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हैं। पटवारी सेवा संकल्प अभियान शुरू होने से पहले ही कलमबंद हड़ताल पर जा चुके हैं जिससे यह योजना शुरू ही नहीं हो सकती है अब इस योजना के तहत तक ड्रोन सर्वे में चिन्हित प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री कराने के लिए कलेक्टरों पर दबाव बनाया जा रहा है बात यहां तक सुनी जा रही है कि जो कलेक्टर रजिस्ट्री नहीं करा पाएंगे उन्हें वापस भोपाल बुलाया जाएगा। पद छिन जाने के डर से कलेक्टर पटवारी पर तरह-तरह के दवाब बनाने का काम कर रहे हैं पर पटवारी है कि रजिस्ट्री कराने को तैयार नहीं है मध्य प्रदेश पटवारी संघ के माध्यम से पटवारी ने पूरे प्रदेश में इस अभियान से खुद को दूर बनाए रखा हुए हैं। जिसके चलते कई कलेक्टरों को अपना प्रभार छिन जाने का भी डर लग रहा है।

ये पटवारी हुए निलंबित

उल्लेखनीय है कि एसडीएम कराहल बीएस श्रीवास्तव द्वारा तीन पटवारियों शिशुपाल सेमरिया पटवारी खिरखिरी एवं लहरौनी, जयनारायण शर्मा पटवारी रीछी, मनीष गुप्ता पटवारी बरगवा। एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा द्वारा भी 4 पटवारियों के सियाराम जाटव कलारना, राहुल शर्मा पच्चीपुरा, द्वारिका माहौर शंकरपुर तहसील श्योपुर एवं बडौदा तहसील अंतर्गत बावडीचापा पटवारी रामनरेश जाटव। एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा द्वारा रोहित तोमर पटवारी चिमलवानी, राजकुमार शर्मा पटवारी बबनवास, डोडरीकलां, दीपक परते पटवारी हीरापुरा, सुमरेरा एवं गोविंद अनंत पटवारी धौरीबावडी को निलंबित किया गया है।

इनका कहना..

पटवारी को जबरदस्ती निष्पादक बनाया है जिससे पारिवारिक विवाद होने पर लापरवाही पटवारी पर ही तय की जायगी। हम हड़ताल पर है एक भी रजिस्ट्री पूरे प्रदेश में किसी पटवारी ने नहीं की है जिन पटवारियों को निलंबित किया है उन्हें ससम्मान वापस नहीं लेने तक आंदोलन चलता रहेगा।

हर्ष उपाध्याय
जिलाध्यक्ष मप्र पटवारी संघ श्योपुर

दरबार सजकर हुए तैयार, शारदीय नवरात्रि पर्व आज से

जगह-जगह सजेंगे मातारानी के दरबार,शक्ति की भक्ति में डूबेंगे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को श्राद्ध पक्ष का समापन हो गया है और रविवार से शारदीय नवरात्रा पर्व शुरू हो जाएगा। साल में आने वाले चार नवरात्रियों में इस नवरात्रा पर्व को सबसे खास माना जाता है। इस बार माताराणी गज की सवारी करते हुए पृथ्वी पर आएंगी। मंदिरों व नवरात्रा समितियों ने पर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शहर सहित जिलेभर में कई जगह माताराणी के दरबार सजेगे,जहां सोमवार को चल समारोह के साथ माताराणी विराजित होगी।

नवरात्रा पूजन का आरंभ और कलश स्थापना के लिए दिन भर का समय शुद्ध और प्रशस्त है। इस दौरान शहर सहित जिलेभर के मां दुर्गा की पूजा-अर्चना होगी। दिनभर मंदिरों में वेदमंत्र गूंजेंगे तो शाम को विभिन्न प्रकार की झांकिया सजाई जाएगी। इसके अलावा शहर में गांधी पार्क, छारबाग, बाल मंदिर स्कूल के पास, फक्कड़ चौराहा, जयश्री पैलेस के पीछे, पाली रोड कॉलेज के पास, भोई मोहल्ला, स्टेट बैंक के पीछे, आनंद नगर सहित दर्जनभर स्थानों पर माताराणी के दरबार सजाए जाएंगे। जहां पंडाल तैयार किए जाने के साथही अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को गाजे-बाजे साथ देवी प्रतिमाओं को चल समारोह निकाला जाएगा। इसके बाद विधी विधान से देवी प्रतिमाओं को विराजित किया जाएगा। माताराणी के दरबारों में रात्रि जागरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



देवी मंदिरों पर दर्शनों के लिए उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

शारदीय नवरात्रा पर्व शहर सहित अंचल भर में बड़े धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान माताराणी के दरबारों में दर्शनों के लिए रोजाना श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी वहीं दुर्गापुरी स्थित माता मंदिर व कराहल के पनवाड़ा में मां अन्नपूर्णा, पानड़ी के बिजासन माता मंदिर पर मेले लगेंगे। वहीं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे।

सर्व पितृ अमावस्या पर गायत्री शक्ति पीठ पर हुआ सामूहिक तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सर्व पितृ अमावस्या के अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर सामूहिक तर्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने सामूहिक तर्पण किया। इस अवसर पर श्योपुर गायत्री परिवार के जिला समन्वयक चौथमल शर्मा ने उपस्थित परिजनों को वैदिक रीति से उनके पूर्वजों हेतु श्राद्ध तर्पण करवाया। तर्पण के बाद गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया तथा नवरात्रि के अवसर पर उपस्थित साधकों ने पूरे जिले में 24 लाख गायत्री मंत्र जाप का संकल्प भी लिया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने बताया कि 11 अक्टूबर से नवरात्रि के दौरान प्रति दिन गायत्री शक्ति पीठ श्योपुर पर प्रातः 7.30 बजे से गायत्री महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। 20 अक्टूबर को 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ नवरात्रि के अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी।



शिक्षा को अर्जुन की तरह लक्ष्य साधकर आगे बढ़ें: शशांक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिस तरह धनुर्धर अर्जुन ने लक्ष्य साधकर मछली की आंख को निशाना बनाया था उसी तरह आप भी शिक्षा को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर सफलता का निशाना साधे रहो। सफलता उसे ही मिलती है जो कर्म करता है। निष्क्रिय लोगों से किसी सफलता की उम्मीद नहीं होती है। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें और पढ़ाई को ही अपना अंतिम लक्ष्य माने। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के तहत चलाए जा रहे सेवा संकल्प समर्पण अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढोढर में आयोजित हुए संवाद कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने विधार्थियों को समझाइश देते हुए कही। इस दौरान उन्होंने विधार्थियो को उनके स्कूल भवन हेतू सरकार द्वारा स्वीकृत की गई राशि की जानकारी भी दी।

विद्यालय भ्रमण के दौरान छात्राओं ने भाजपा जिलाध्यक्ष को बताया कि विद्यालय में जगह कम होने की वजह से उन्हें बरामदे में बैठकर पढना पड़ता है। तो भाजपा जिलाध्यक्ष ने छात्राओं को बताया कि ढोढर शासकीय बालिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तीन अतिरिक्त कक्ष और तीन प्रयोगशाला कक्ष के लिए 84 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसकी एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा है, टेंडर खुल चुके हैं और आगामी 10 दिन के बाद इसका कार्य प्रारंभ हो जाएगा साथ ही शासकीय माध्यमिक शाला के लिए भी 51 लाख रुपए की राशि की एक बिल्डिंग भी स्वीकृत हुई है , जिसके टेंडर लगने वाले हैं, आगामी वित्तीय वर्ष में हमें मुख्यमंत्री के द्वारा जो सांदीपनि विद्यालय की घोषणा की गई है,उसी क्रम में भी ढोढर में सांदीपनि विद्यालय की बिल्डिंग के लिए बजट भी आगामी वित्तीय वर्ष में मिलने वाला है तथा जो गणित कॉमर्स और विज्ञान की संख्या भी अगले वर्ष से प्रारंभ कर दी जाएगी जो मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की है सभी छात्र-छात्राओं को पूरा विश्वास और भरोसा दिलाया ढोढर के छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की कोई विद्यालय में शैक्षणिक संबंधी कोई समस्या नहीं होगी और आगामी 6 माह में हमारे वह अतिरिक्त कक्ष बन जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता स्कूल स्टाफ और अभिभावक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।



बार-बार बिजली गुल होने से प्रेमसर और तुलसेफ क्षेत्र के किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इन दिनों जिले के प्रेमसर और तुलसेफ क्षेत्र के किसान लोड सेडिंग के नाम पर बिजली के बार बार गुल होने से परेशान बने हुए है। बिजली इस स्थिति के कारण किसानो के खेती किसानी के काम प्रभावित हो रहे है। ग्राम पंचायत तुलसेफ के सरपंच प्रतिनिधी महावीर सिंह मीणा ने इस संबंध में पत्र कलेक्टर को प्रेषित करते हुए बिजली समस्या का समाधान करवाए जाने का अनुरोध किया है। भाजपा नेता महावीर सिंह मीणा ने यह पत्र सीएम के नाम भी भेजा है। जिसमें उल्लेख किया है कि इस समय किसानों को सरसो की बोवनी के लिए पलेवा की जरूरत महसूस हो रही है और इसी समय में बिजली बार बार गुल हो रही है। जिससे किसान परेशान हो रहे है। पत्र में इस समस्या के इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए प्रेमसर में 132 सब स्टेशन की मंजूरी दिलवाए जाने का भी अनुरोध किया गया है।

ग्रामीण को सर्प ने डसा, मौत

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के जंगल में लगी खिरकाई पर रात्रि के दौरान सो रहे एक ग्रामीण को सांप ने डस लिया। जिसका पता चलने पर परिवार के लोग उसे तत्काल विजयपुर के अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि ग्राम गढी निवासी लाखन धाकड 50 वर्ष नजदीकी जंगल में लगी खिरकाई पर मवेशियो को लेकर रहता था। शुक्रवार की रात को वह रोज की भांति मवेशियों को चराने के बाद सो गया था। रात के अंधेरे में उसे सोते समय सर्प ने डस लिया। जिसका आसपास के लोगो को चला तो उन्होने उसके परिवार के लोगो को बताया और फिर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पीएम कराने के बाद उसका शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांस्कृतिक संध्या उल्लास एक अभिनव प्रयोग का समारोह के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्योपुर द्वारा 1 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आयोजित उल्लासः एक अभिनव प्रयोग का भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं समापन समारोह निषादराज भवन, जिला पंचायत परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था। इस अनूठे और गरिमामयी कार्यक्रम की सबसे प्रमुख विशेषता यह रही कि इसमें न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विशेष न्यायाधीश अन्य सम्मानित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण तथा कर्मचारीगण ने एक साथ मिलकर सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष बीएल प्रजापति एवं मंच पर आसीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रगीत वंदे मातरम का वादन किया गया। जलिा विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन सिविल जज (जूनियर डिविजन) भव्या गुप्ता एवं उपाध्यक्ष अधिवक्ता संघ राकेश सिंह जाट द्वारा किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जलिा विधिक सेवा प्राधिकरण बीएल प्रजापति ने अपने मुख्य संबोधन में कार्यक्रम की सफलता और सभी के सामूहिक प्रयासों की सराहना करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके अलावा विशेष न्यायाधीश सुशील कुमार, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओ.पी. गुप्ता, यूनियन बैंक के प्रबंधक सतीश चंद्र नागर तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।समारोह का समापन -कार्यक्रम के अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



रंगारंग प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी

समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, गायन प्रतियोगिता, वाद्ययंत्र प्रतियोगिता, एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतिभागियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के पश्चात गत 1 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे क्विज, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन एवं सांस्कृतिक संध्या दौरान प्रतियोगिताओं में विजेताओं को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण के उपरांत उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार साझा किए और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

अभियान के दौरान सबसे ज्यादा चालान यातायात पुलिस ने ही बनाए, कई थाने रहे फिसड्डी

धक्का प्लेट चला पुलिस का जागरूकता अभियान, तीन थानों ने चालान ही नहीं बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए पीएचक्यू के निर्देश पर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा दस दिवसीय विशेष अभियान अब समाप्त हो गया है। लेकिन यह अभियान श्योपुर जिले में धक्का प्लेट स्थिति में ही चलकर रह गया। क्योंकि जब 28 सितबंर को अभियान का शुभारंभ हुआ तो जिले के सभी थानों को ऑनलाइन चालान बनाने के लिए दी मशीने ही खराब पडी थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मशीनो को चालू कराकर सभी थानों को कार्रवाई करने के लिए निर्देश रूपी धक्के भी दिए। मगर निर्देशो का धक्का देने के बाद भी कुछ थाने चालानी कार्रवाई शुरू ही नहीं कर पाए। जिसकारण तीन थानों की इस अभियान को लेकर चालानी कार्रवाई शून्य ही रह गई।

खास बात यह है कि इस अभियान को लेकर सिर्फ यातायात थाना पुलिस की चालानी कार्रवाई सबसे अधिक रही है। यातायात थाने को छोड दिया जाए तो ज्यादातर थानो की चालानी कार्रवाई फिसड्डी ही रही है। ऐसे हालातों के बीच यह जागरूकता अभियान जिले के लोगो में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने में फेल ही साबित हुआ है। यही वजह है कि जिले की सडकों पर इस अभियान के चलने के बाद भी कई दुपहिया वाहन चालक न तो हेलमेट लगा रहे है और न ही कई चार पहिया वाहन सीट बेल्ट लगा रहे है। ऐसी स्थिति में इस विशेष जागरूकता अभियान का श्योपुर जिले में चलना भी न चलने के बराबर ही रहा है।



यातायात पुलिस ने बनाए सर्वाधिक 297 चालान

पीएचक्यू के निर्देश पर 28 सितंबर से हुआ विशेष यातायाता जन जागरूकता अभियान प्रदेश के सभी जिलो के साथही श्योपुर जिले भी 8 अक्टूबर तक पुलिस के द्वारा चलाया गया। इस अभियान के दौरान पूरे जिले में 582 चालान बनाए गए है। जिनमें 433 चालान हेलमेट और 149 चालान सीट बेल्ट को लेकर बनाए गए है और इन चालानों से जुर्माना राशि 2 लाख 5 हजार 900 रूपए वसूले गए। जिसे पुलिस विभाग के द्वारा शासन के कोष में जमा करा दिए गए है। पुलिस सूत्रों की माने तो 582 चालानो में सबसे ज्यादा 297 चालान सिर्फ यातायात थाना पुलिस के द्वारा ही बनाए गए है। यातायात थाने से ज्यादा जिले के किसी भी थाने के द्वारा चालान नहीं बनाए गए है।

तीन थानों की चालानी कार्रवाई शून्य

इस 10 दिवसीय यातायात जागरूकता अभियान के दौरान तीन पुलिस थानों की चालान कार्रवाई शून्य ही रही है। जिनमें देहात, मानपुर और चिलवानी थाना शामिल है। इन तीनो थानो के द्वारा एक भी चालान अभियान के दौरान नहीं बनाए है। जबकि आवदा, मगरदा, विजयपुर और गसवानी थाने की कार्रवाई ही औपचारिता भरी रही है। पुलिस सूत्रो की माने तो विजयपुर थाना पुलिस ने इस अभियान के दौरान सिर्फ 5 चालान, गसवानी पुलिस के द्वारा 6 चालान, मगरदा थाना पुलिस और आवदा थाना पुलिस के द्वारा केवल एक एक चालान ही बनाए गए है।

किस थाने ने कितने बनाए चालान

थाना	हेलमेट	सीटबेल्ट	कुल
यातायात	264	33	297
कोतवाली	46	07	53
ढोढर	14	01	15
बडौदा	02	11	13
कराहल	10	33	43
सेसईपुरा	10	24	34
बरगवां	09	06	15
ओलापुरा	16	03	19
वीरपुर	26	21	47
विजयपुर	02	03	05
रघुनाथपुर	14	00	14
गसवानी	00	06	06
अगरा	24	01	25

इनका कहना...

10 दिवसीय अभियान के दौरान कार्रवाई की थानेवार समीक्षा की जाएगी और जिन थाने की कार्रवाई कमजोर रही है,उन थानो से कार्रवाई कमजोर रहने का कारण पता करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विजय सिंह तोमर
डीएसपी, हेडक्वार्टर श्योपुर

एकलव्य आश्रम श्योपुर में साफ सफाई कर ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक चल रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के तत्वाधान में शनिवार को इस अभियान के अंतिम दिन एकलव्य आश्रम श्योपुर में अलग अलग गांवों से निवासरत बच्चों के साथ परिसर की साफ सफाई की गई। इसके बाद स्वच्छता की शपथ ली।इसके साथ ही विद्यार्थियों को जरूरत अनुसार पेन ओर कॉपी वितरित की। जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक नेहा सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान नवांकुर संस्था मातृछाया संस्थान के सचिव भास्कराचार्य टकसाली, आश्रम प्रबंधक भूपेंद्र सिंह, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ममता मित्तल एवं विद्यार्थी उपस्थित हुए।



खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैदर निवासी राजासिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णपाल और नीलम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मतावली निवासी नीलेश रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर निवासी जगदीश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामराजा और अंकित यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरेसरा निवासी नन्हे अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजन और सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

ध्यानपुर और खमकला गुरूद्वारा की दान पेटी से रूपए चुराए

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत ध्यानपुर निवासी हीरा सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गुरूदास सिक्ख ने गुरूद्वारा की पेटी से नगदी रूपए चोरी कर लिए। इसी प्रकार देहात थाने के अंतर्गत ग्राम खमकला निवासी सुखमोहन सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि खमकला के गुरूद्वारे की दान पेटी से अज्ञात व्यक्ति ने ताला तोड़कर रूपए चोरी कर लिए।

20 वर्षीय महिला की मौत, मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत भुरिया पुत्र नारायण सिंह अहिरवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम उमरी थाना नईसराय की मृत्यु अज्ञात कारणों से इलाज कराने के लिए ले जाते समय रास्ते में हो गई। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर नामातंरण कराने का प्रयास किया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस उप निरीक्षक जगदीश पारासर ने ग्राम मोहन पुर में सुनील लोधी और भैयालाल लोधी के द्वारा मृतक तोरण पुत्र बंलवंत लोधी निवासी मोहनपुर का फर्जी कूटरचित मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर तहसील चंदेरी में बसीयत नामा पेस किया और नामातंरण कराने का प्रयास किया। जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

अज्ञात व्यक्ति बाईक चोरी कर ले गया

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत पंचमनगर कॉलोनी निवासी अभय वाजपेयी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जागेश्वरी मंदिर के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रघुवंशी बोर्डिंग में सुंदर कांड का आयोजन रविवार को

अशोकनगर। सम्मानीय समाजजनो एवं संघठन के पदाधिकारियों को सादर सूचित किया जाता हैं कि अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय परिषद एवं रघुवंशी युवा संघ के तत्वावधान मे दिनांक 11 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रघुवंशी बोर्डिंग हॉउस अशोकनगर मे सुन्दरकांड का आयोजन रखा गया हैं अतः आप सभी धर्मप्रेमी बंधु एवं सम्मानीय समाजजन विशेष रूप से अपनी उपस्थित दर्ज करें। परिषद की ओर से श्याम सिंह रघुवंशी कन्हेरा,सीताराम काकाजी शाढ़ौरा,सुरेंद्र सिंह रघुवंशी मलावनी,अशोक सिंह रघुवंशी बगुल्या ,संजय सिंह रघुवंशी खेजरा,वीरेंद्र सिंह रघुवंशी शहवाजपुर (जिलाध्यक्ष),हरिसिंह रघुवंशी खजुरिया (कार्यकारी जिलाध्यक्ष),विकास रघुवंशी (लायंस क्लब अध्यक्ष),अमित रघुवंशी कूड़ई ,मुकेश रघुवंशी बामोरा (जिलाध्यक्ष युवा संघ),दिलीप रघुवंशी डंगोरा (युवा जिलाध्यक्ष) नितिन रघुवंशी (कार्यकारी युवा जिलाध्यक्ष), उग्रसेन रघुवंशी देरखा , ब्लॉक अध्यक्षगण रिंकू आदि शामिल हैं।

अनियमित्ताओं को लेकर कलेक्टर के निरीक्षण के बाद दल ने की थी जांच

कलेक्टर ने मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



अशोकनगर का मत्स्य विभाग योजनाओं में अनियमित्ताओं को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ था जिसके कारण बड़े पैमाने पर शिकायतें की गई थीं कलेक्टर द्वारा स्वयं इस कार्यालय का निरीक्षण किया गया था और 6 सदस्यीय दल जांच के लिए भेजा गया था, जिसके बाद कलेक्टर द्वारा मत्स्य विभाग के प्रभारी सहायक संचालक एन.एस दण्डोतिया के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की है।

उक्त मामले में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 22 अगस्त में लिए गए निर्णय अनुसार कलेक्टर द्वारा 9 सिंतबर को को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योयोग जिला अशोकनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान भारत सरकार की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना में हितग्राहियों को अनुदान के रूप में सहायता प्रदान की जाने वाली नस्तियों एवं दस्तावेजों का अवलोकन किया गया, जो विधि अनुसार नहीं पाये जाने से सघन जांच हेतु संयुक्त कलेक्टर, जिला अशोकनगर के नेतृत्व में 06 सदस्यीय दल को मत्स्य विभाग अशोकनगर में संचालित उक्त योजनाओं के प्रकरणों का परीक्षण कर, संयुक्त जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त जाँच दल द्वारा कलेक्टर के समक्ष विस्तृत जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जाँच प्रतिवेदन के अनुसार उक्त योजनाओं में नियमानुसार सहायता अनुदान नहीं दिये जाने, पंजी संधारित नहीं करने तथा प्रकरणों में गंभीर अनियमित्ताएं पाई गई थीं।

नोटिस के बाद संतोषजनक जवाब न मिलने पर निलंबन की कार्रवाई की गई

उपरोक्त आधार पर नरेन्द्र सिंह दण्डोतिया, मत्स्य निरीक्षक (प्रभारी सहायक संचालक) अशोकनगर को कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस क्रमांक/स्था./6-2/2026/1047 10.09.2026 से जारी कर, जवाब चाहा गया। दण्डोतिया द्वारा 29.09.2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया, जवाब संतोषजनक एवं समाधानकारक नहीं पाया गया। उक्त संबंध में एनएस दण्डोतिया को पुनः 07.10.2026 को आवश्यक दस्तावेज सहित समक्ष में उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र जारी किया गया। दण्डोतिया द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष में उपस्थित होकर योजनाओं में प्रदान किये गये सहायता अनुदान एवं जाँच प्रतिवेदन में वर्णित तथ्यों के संबंध में कोई अभिलेख/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। जिसके बाद यह निलंबन की कार्यवाही की गई है, निलंबन के बाद मुख्यालय जिला पंचायत निर्धारित किया गया है।

जांच में यह अनियमित्ताएं पाई गई थीं

- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में कुल 800 आवेदन प्राप्त हुए, उक्त आवेदन कार्यालय में कब-कब प्राप्त हुए है कोई जानकारी नहीं पाई गई हैं तथा पंजी संधारित नही पाई गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 में कितने कितने आवेदन प्राप्त हुए एवं कितने निराकृत किए गए की जानकारी प्रस्तुत नही की गई हैं।
- मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अतंर्गत वर्ष 2025-26 में झींगा पालन हेतु स्वीकृत प्रकरणों में अनियमित्ता पायी गई हैं।
- वित्त वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अतंर्गत कितने प्रकरणों को निराकृत कर भुगतान की जानकारी जांच दल को नही दी गई।
- 2026-27 में अनुदान की स्वीकृति के तहत प्रकरण किस प्राधिकार द्वारा किए गये है यह भी स्पष्ट नही हैं।
- योजना अंतर्गत जो आवेदन प्राप्त हुए है उनमें प्रथम आओ प्रथम पाओ के सिद्धांत का भी पालन नहीं किया गया हैं।

उपयोगी जानकारी दी गई

शासकीय पीजी कॉलेज में करियर काउंसलिंग का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य डॉ एमएल सोनी ने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्वयं को तैयार करें तथा सामान्य ज्ञान, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा तथा गणित का ज्ञान हासिल करें। विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल पर एआई एवं कौशल विकास से संबंधित अनेक पाठ्यक्रम उपलब्ध है। श्याम बाबू ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कंप्यूटर स्किल की तैयारी कैसे करें इस पर उपयोगी जानकारी दी। डॉ चेतना शर्मा ने सफलता के लिए व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल और निर्णय क्षमता के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो आरएस तिवारी ने वोकल फार लोकल पर बल देते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों के निर्माण, उपयोग एवं विपणन के आधार पर अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सकती है व रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा सकता है। मोहम्मद रफीक शेख ने बदलते परिवेश में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी सर्टिफिकेट कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। प्रकोष्ठ प्रभारी एवं संयोजक वंदना चौबे ने कार्यक्रम संचालन व धर्मेंद्र सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

कालिदास समारोह में साहित्य पर श्लोक गायन चित्रांकन व नृत्य नाटिका का मंचन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में जिला स्तरीय कालिदास समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें महान कवि कालिदास के साहित्य पर श्लोक गायन चित्रांकन एवं नृत्य नाटिका का मंचन किया गया।

इस लोक गायन में कनिष्ठ वर्ग में कुमारी रुबी रघुवंशी ने प्रथम चेल्सी राजपूत ने द्वितीय संजय अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में उमा चिढ़ार प्रथम दिव्या जैन ने द्वितीय अंतिम शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रांकन में कनिष्ठ वर्ग में सुहाना सरकार ने प्रथम रौनक के बचाने द्वितीय एवं रक्षा खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वरिष्ठ वर्ग में नेहा रघुवंशी ने प्रथम वैष्णवी सेन द्वितीय सोनम जाटव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया नृत्य नाटिका में वरिष्ठ वर्ग में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के छात्र-छात्राओं ने प्रथम मुंगावली के छात्र-छात्राओं ने द्वितीय चंदेरी के छात्र-छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्र-छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य बीके बमोरिया निर्णायक राजेंद्र चैधरी जगदीश शर्मा प्राचार्य प्रियंका जैन मुकेश सोनी रश्मि रघुवंशी श्याम किशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षा एवं छात्र-छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला संस्कृत प्रभारी बलराम शर्मा ने किया एवं आभार व्यक्त रामबाबू कुशवाहा ने किया।

शोभायात्रा, वृहद शांतिधारा एवं 62 चांवर की स्थापना के साथ हुआ आयोजन

शनि अमावस्या पर श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में भव्य महामस्तकाभिषेक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



शनिअमावस्या पर छोटी बजरिया स्थित श्री 1008 भगवान मुनिसुव्रतनाथ जिनालय में भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। आयोजन के अंतर्गत शोभायात्रा, भगवान का महामस्तकाभिषेक, बृहद शांतिधारा तथा 62 चाँवर की स्थापना की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा श्री पारसधाम से श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय तक निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे भगवान श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ स्वामी का महामस्तकाभिषेक एवं बृहद शांतिधारा संपन्न हुई। प्रातः 9 बजे 62 चाँवर की स्थापना का मंगल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शांतिधारा करने का सौभाग्य चंद्रा सिंघई, मोना- राजेश सिंघई, रश्मि राकेश सिंघई, अनुश्री रोमियल सिंघई, नंदिता रौनक सिंघई, रिधिका, अर्हम को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश स्थापना करने वालों का सौभाग्य देवेंद्र कुमार सौरभ कुमार (भानगढ़ वाले), सलिल कुमार कठरया(वकील), राजेंद्र कुमार अशोक कुमार (मिडला), अखिलेश जैन रश्मि जैन (कंजिया वाले) प्राप्त हुआ। इस पावन अवसर पर बीना नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जिनालय पहुँचे। श्रद्धालुओं ने भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरे जिनालय परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं ने सभी जीवों के सुख, शांति और कल्याण की मंगल भावना व्यक्त की। रिटायर्ड रेल कर्मचारी आरके जैन ने बताया आयोजन में युग शिरोमणि आचार्य प्रवर श्री 108 विद्यासागर ऋषिराज एवं आचार्य प्रवर श्री 108 समयसागर महामुनिराज का मंगल आशीर्वाद स्मरण किया गया। जैन धर्म में भगवान मुनिसुव्रतनाथ स्वामी बीसवें तीर्थंकर हैं। जिनेंद्र भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा आत्मशुद्धि, वीतरागता और आध्यात्मिक शांति के प्रतीक माने जाते हैं। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में धर्म, संयम, सदाचार, अहिंसा एवं संस्कारों के प्रति आस्था को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में रमेश चंद्र जैन, प्रदीप, विपिन, विनील, यश, सुनील, सम्यक, अजय, राकेश, संजू आदि उपस्थित रहे।

गीता मानव जीवन के उद्धार और मोक्ष का मार्ग दिखाती है: मिश्रा

अशोकनगर। सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा के पूज्य पिताजी स्वर्गीय द्वारका प्रसाद मिश्रा के श्राद्ध के अवसर पर गीता प्रतिष्ठान द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का पाठ श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं एवं गीता प्रेमियों ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में 1008 महंत प्रभुतानंद महाराज, पीली कोठी, चित्रकूट, आचार्य जगदीश शास्त्री, विश्व गीता प्रतिष्ठान के प्रमुख महेश श्रीवास्तव, राजीव पचैरी, राजेंद्र सिंह, रमन शर्मा, अशोक दांगी, कमल सिंह यादव सहित सकल हिंदू समाज के



जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, विकास जैन बाली, मोहन नामदेव, राकेश नामदेव, दिनेश चैरसिया सहित अनेक गणमान्यजन एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दीपक मिश्रा ने भावुक होकर कहा कि, आज हमारे पूज्य पिताजी के श्राद्ध के अवसर पर आप सभी ने श्रीमद्भगवद्गीता का पाठ कर हमें कृतार्थ किया है। परमपिता परमेश्वर के चरणों में विराजमान हमारे पूज्य पिताजी का आशीर्वाद सदैव हम सभी पर बना रहे। आज हम जिस स्थिति में हैं, उसमें हमारे माता-पिता के संस्कार और आशीर्वाद का बहुत बड़ा योगदान है। ऐसे पूज्य पिताजी को मैं कोटि-कोटि नमन एवं वंदन करता हूं।

भाजपा जिला अध्यक्ष ने मासिक बैठक में सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा



अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने शुक्रवार को भाजपा जिला अशोकनगर की मासिक बैठक में सहभागिता कर कार्यकर्ताओं से सार्थक संवाद किया। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि निर्धारित कार्यक्रमों को समय-सीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए। इस दौरान नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी जिला महामंत्री नरेश ग्वाल डॉ शीला जाटव सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ज्ञान जितना विपरीत होगा उतना ही खतरा होगा:मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्म सभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब नदी में जल की धारा विपरीत होती है तो नैय्या खतरे में होती है। खतरे में आने पर नैय्या डूब जाती है। खतरे की निशानी है विपरीत ज्ञान। विपरीत ज्ञान के द्वारा जीवन रूपी नैय्या भवसागर में डूब जाती है। जैसे-जैसे जीव विपरीत ज्ञान के द्वारा अधिक-अधिक पाप करने में समर्थ होता है, परिणाम स्वरूप दुर्गति के रूप में पाप का अधिक अधिक फल प्राप्त करता है।

उन्होंने कहा कि यदि विपरीत ज्ञान है तो स्पर्शन इन्द्रिय से अधिक रसना इन्द्रिय के द्वारा पाप होता है, रसना से अधिक नासिका, नासिका से अधिक चक्षु इन्द्रिय और नेत्र से अधिक पाप कर्ण के द्वारा होता है। इससे यह सिद्ध होता है कि क्रमशः जैसे-जैसे इन्द्रियों का विकास होता जाता है, वैसे-वैसे उसकी क्षमता भी बढ़ती जाती है। हम अपने अंतरंग में झाँककर देखें तो हम पायेंगे कि अभी तो हमारा ज्ञान, सारी समझ, सारी बुद्धि इसी बात में व्यस्त रहती है कि हम अपने जीवन में अधिक से अधिक भौतिक सुख-सुविधा और इन्द्रिय व मन के अनुकूल चाही गई चीजों की पूर्ति कैसे कर सकें? हम चाहें तो अपने इन भौतिक उपलब्धियों की प्राप्ति में व्यस्त और अभ्यस्त ज्ञान को सही दिशा देकर स्व-पर कल्याण में भी लगा सकते हैं।

स्व-पर कल्याण और स्व-पर उपकारी ज्ञान ही श्रेष्ठ है। हम प्रतिक्षण अपने ज्ञान के द्वारा विचार करें कि क्रोध के अवसर आने पर, मान-माया और लोभ जाग्रत होने पर कैसे स्वयं को सँभाले। कैसे इन सब विकारी भावों से पृथक अपने निजी-स्वभाव का अनुभव करें। विषय-भोगों की सामग्री, भौतिक सुख-सुविधा की सामग्री सुलभता से प्राप्त होने पर भी रुचिकर नहीं लगेगी यह निरन्तर बढ़ते हुए ज्ञान की कसौटी है। प्राणीमात्र के प्रति मैत्री-भाव से हृदय भर जायेगा, यह भी ज्ञान का फल है। मैत्री का अर्थ है, सबके हित का भाव। किसी भी जीव को दुःख न हो- ऐसा भाव। आज हम देखते हैं कि हम लोगों का बौद्धिक स्तर कितना बढ़ रहा है, लेकिन हमारे बीच परस्पर स्पर्द्धा, ईर्ष्या, मनोमालिन्य भी कितना बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में क्या हम यह कहने का साहस कर सकते हैं कि हम भी ज्ञानवान हैं।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर व उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित

हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जनपद पंचायत चंदेरी के ग्राम पंचायत नावनी में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन कलेक्टर साकेत मालवीय के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना, नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना तथा शासकीय सेवाओं को आमजन तक सहजता से पहुंचाना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को संबंधित विभागों की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम पंचायत नावनी में सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों का सम्मान किया गया। यह सम्मान सशक्त राष्ट्र को अनुशासित सेवा को प्रदर्शित करेगा।

शासन की योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस प्रकार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के साथ उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमियों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता की कहानियां सुनाईं। उद्यमियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रयासों, मेहनत और उपलब्ध अवसरों के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढाया के बारे में जानकारी दी। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान राजस्व, उद्योग, जनपद पंचायत, पशुपालन, पोषण की टोकरी,आयुष्मान कार्ड, पात्रता पर्ची का वितरण किया गया।

सैनिकों का किया सम्मान

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों तथा वर्तमान में भारतीय सेना में कार्यरत सैनिकों का सम्मान किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हवलदार रामवरूण सिंह, अहिवरन सिंह तथा हबीव खान तथा वर्तमान सैनिक वरूण रघुवंशी का सम्मान किया गया। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शिविर स्थल पर एक बगिया मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष चंदेरी महेन्द्र पाल बुंदेला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम मनीष धनगर,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत माधुरी पटेल,सरपंच रविन्द्र लोधी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।